संचिका सं० – 11/चक0 लि0–01–16/2023 901 /चक0

## बिहार सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
## (चकबंदी निदेशालय)

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक, चकबंदी,
बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी संयुक्त निदेशक चकबंदी,
सभी उप निदेशक चकबंदी,
सहायक निदेशक, चकबंदी, भागलपुर,
सभी चकबंदी पदाधिकारी।

पटना, दिनांक 11/09/2023

विषय :– चकबंदी निदेशालय, बिहार, पटना के अंतर्गत क्षेत्रीय कार्यालयों के अराजपत्रित कर्मियों के नियुक्ति/स्थानांतरण/प्रतिनियुक्ति के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्रायः देखा जा रहा है कि चकबंदी के क्षेत्रीय कार्यालयों में कार्यरत अराजपत्रित कर्मियों के स्थानांतरण/प्रतिनियुक्ति से संबंधित कार्य संयुक्त निदेशक, चकबंदी कार्यालयों/उप निदेशक, चकबंदी कार्यालयों स्तर से की जा रही है।

ज्ञातव्य हो कि चकबंदी के क्षेत्रीय कार्यालय, चकबंदी निदेशालय, बिहार, पटना के अंतर्गत आते है। चकबंदी के किसी अराजपत्रित कर्मी की नियुक्ति/स्थानांतरण/प्रतिनियुक्ति से संबंधित कार्य सक्षम प्राधिकार अर्थात् निदेशक, चकबंदी के स्तर से किया जाता है।

अतः आप सभी को निदेशित किया जाता है कि भविष्य में इसकी पुनरावृति न हो।

विश्वासभाजन

8/9/23

(जय सिंह)
निदेशक, चकबंदी